IUCN
CEC
Commission on Education and Communication

COMICS UNITING NATIONS

पोसाइडन गश्तीदल

मार्क नेडल और मैरन गैगने द्वारा रचित

14 पानी के नीचे जीवन

सतत विकास लक्ष्य

GALLIFREY FOUNDATION

BEAT PLASTIC POLLUTION

WORLD ENVIRONMENT DAY

UN environment

पोसाइडन गश्तीदल

मार्क नडैल और मैरेन गैगने द्वारा रचित

लेखक और चित्रकार : मार्क नडैल
रंग कलाकार: मैरेन गैगने
निर्माता और प्लास्टिक प्रदूषण विशेषज्ञ: अलेक्सिस मेकगिवेर्न
अक्षर कलाकार मार्को रॉड्रीगज़

कार्यकारी निर्माता
शॉन साउथी

कामिक्स यूनाइटिंग नेशंस
नटाबरा रॉलोसन
शैनन ओशे
कैली किंग-गफ़ी
ग्रेसियाला लील
जॉसलीन आइवरसन
मार्को रॉड्रीगज़

आई यू सी एन वैश्विक मरीन और पोलर कार्यक्रम के सहयोग से

IUCN

www.iucn.org/theme/marine-and-polar

गैलिफ़्रे फ़ाउंडेशन के सहयोग से

GALLIFREY
FOUNDATION

अनुवादक:
मधुमिता मेहरोत्रा और सुनीता माथुर नारायण, ट्रांसलेशन बाय डिज़ाइन

ग्राफ़िक डिज़ाइन अनुवादक:
मारिया बैसबीज़ और ऐमी टूकी, टाइप वन इंटरनेशनल, इंक।

बाय-बाय प्लास्टिक बैग्स को विशेष धन्यवाद

BYE BYE PLASTIC BAGS bali

www.byebyeplasticbags.org

बाय बाय प्लास्टिक बैग युवाओं द्वारा चलाया गया एक ग़ैर सरकारी संगठन है जो बाली के लोगों को प्लास्टिक बैग्स को इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित करता है| आज यह दुनिया भर के कई समूहों के साथ प्रेरणा और युवा सशक्तिकरण का वैश्विक आंदोलन है, जो दुनिया भर के अनेक समूहों के सहयोग से, शिक्षा के साथ साथ पर्यावरण नीतियों में बदलाव लाने और नई नीतियाँ बनाने पर ध्यान दे रहा है!


बच्चों संभलकर! इस कॉमिक में कुछ बड़े-बड़े समुद्री जीवजंतु हैं, और तुम लोग स्पलैश ज़ोन में हो| तो अपने-अपने गॉगल्स और फ्लिपर्स पहनो और पोसाइडन गश्तीदल के साथ समुद्र की गहराई में जंग के लिए छलांग लगा दो!
पोसाइडन गश्तीदल
जो*सी ऑटर, माइंड रीडर और दल का नेता!
वर्डसवर्थ वॉलरस, मूंछोंवाला लेकिन एक घबराहुआ जादूगर!
गो-गॉन डुगोंग, सामुद्रिक टैलीपोर्टर!
अरामिस नरवाल, सर्वोच्च तलवारबाज़!
और वह सौ टन का मज़ेदार, पैंसठ फीट लंबा और बहुत ताक़तवर है: बॉन्क बोहैड व्हेल!
सात समुद्र के हमारे रहस्यमयी राजा ने **पोसाइडन गश्तीदल**! को कुछ ख़ास शक्तियाँ दीं हैं जो दुनिया के समुद्रों को आज के बढ़ते ख़तरे से बचाने की कोशिश करेगा|
एक अनाम समुद्र के बहुत ऊपर... एक छिपी हुई झील के उस पार...
एक एलबैटरॉस, मूँगे की गोलाकार चट्टानों की तरफ़ चक्कर लगाता हुआ पानी में नीचे की तरफ़ जा रहा है: ओह वहाँ देखो मूँगे का गोलाकर टापू!
पानी के बीचों बीच मूँगे का गोलाकार, अकेला और सुनसान टापू| हां, **पोसाइडन गश्तीदल** का गुप्त हैडक्वार्टर "जो कहीं भी नहीं है"|


एलबैटरॉस, **पोसाइडन गश्तीदल** का एक अज्ञात कमांडर है जो सिर्फ़ अल्फ़ा के नाम से जाना जाता है|
शुक्र है कि तुम में से ज़्यादातर वापस आ गयी हो!
एक बहुत बड़ी समस्या है हमारे हाथों... अममम पंख, मेरा मतलब है फ्लिपर्स में|
अरे! क्या सिरियस सात की स्पेस सारडीन्स वापस आ गयीं हैं?
वे वापस नहीं आ सकतीं, वर्डसवर्थ। तुम उन सबको खा गये हो, याद है?
लेकिन मैं तो...बस मदद करने की कोशिश कर रहा था! वे सब टीन के उस छोटे से स्पेसशिप में बहुत बेआराम और ठूँस-ठूँस कर भरे हुए लग रहे थे|
अहम! अहम! चलो काम शुरू करें!
हाँ, मेरे दोस्तों! अब अपने कमांडर को सुनो!
काम शुरू करने से पहले एक छोटी सी बात है...
अरे, ऐल ! माफ करना, मुझे आने में देरी हो गई!
आ sssssss!!! आह!!! बॉन्क! अरे संभलकर बेवकूफ़ बोहैड! और मुझे ऐल मत बुलाओ!


आपका नया मिशन उतना ही ख़तरनाक़ है जितना कि महत्वपूर्ण, इसलिए ध्यान दें!
गो-गॉन, हमारे मेहमानों को अन्दर लाओ!
हम इसाबैल और मैलाटी को बाली से लाये हैं| ये हमें महासागर को भर रही गंदगी के बारे में बतायेंगी!
नमस्ते, पोसाइडन गश्तीदल! आपको अपने मिशन से निपटने से पहले हम आपको अपने मिशन "बाय बाय प्लास्टिक बैग" के बारे में बताएंगे|
छोटी-छोटी प्लास्टिक बैग्स थैलियाँ ही समुद्री जीवन और आदमी के स्वास्थय को कैसे ख़तरे में डाल देते हैं, हम उस विकट संकट के बारे में लोगों को जागरूक करते हैं|
छी! एक बार मैंने सैकड़ों को तैरते हुए देखा और सोचा कि ये जैलीफ़िश हैं! लेकिन जैलिफ़िश तो बहुत मज़ेदार होतीं हैं!
अनगिनत लोग और व्यवसाय प्लास्टिक को ग़लत तरीक़े से फेंक देते है|
प्लास्टिक का कचरा हमारे जलमार्गों और महासागरों को गंदा करता है| ये लोगों और समुद्री जीव-जंतुओं दोनों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ख़तरा पहुँचाता है।
प्लास्टिक और अन्य अनउपचारित कचरा, जैसे कि पुराने कंप्यूटर पार्टस, महासागरों में जमा हो जाते हैं | कुछ प्लास्टिक बैग करोड़ों छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट जाते हैं और इन तैरते हुए टुकड़ों को "सी स्मॉग" कहते हैं|
एक छोटा सा प्लास्टिक भी ख़तरनाक हो सकता है! एक सप्ताह पहले, मेरे भाई मैक्सो, सोडे के एक छह पैक की प्लास्टिक रिंग में फंस गया था। उसे फ़्री करने हमे बहुत समय लगा!
लोगों को प्लास्टिक और अन्य कचरा जो न गले, उसे फेंकना रोकना होगा|
बच्चे अपने माता-पिता को इस समस्या से सचेत कर सकते हैं, ताकि वे कम प्लास्टिक का उपयोग करें।
हमारे यहाँ कई स्थान हैं जहाँ प्लासटिक को रीसाइकिल यानि कि उसका पुन: प्रयोग या उसको उपचरित किया जाता है|
परिवार, समुद्री जीव-जन्तुओं को थोड़ी सी जानकारी से बचा सकते है और इस धरती को एक विशालकाय कूड़ा दान बनने से बचा सकते हैं!


धन्यवाद, लड़कियों! तुम दोनों ने समुद्र में प्लासटिक के प्रदूषन को रोकने बहुत बड़ा काम कर दिया है|
और हाँ, विचार, दृढ़ता और वीरता ही तुम्हारी महाशक्तियाँ हैं|
इसलिए हम तुम्हें पोसाइडन गश्तीदल का औपचारिक सदस्य बनाना चाहते हैं!
कभी भी तुम्हें हमारी ज़रूरत पड़े, हम एक हाथ की दूरी पर ही हैं!
धन्यवाद, दोस्तों, और आपके मिशन के लिए शुभकामनाएँ!
अच्छा याद आया... कल ही दो इलैक्ट्रिक ईल पकड़म-पकड़ाई खेल रहीं थीं, जब...
ZZZZAPP!
तुम मुझे पकड़ नहीं सकते, टैस!
हे, ऐडी, असल में हम बहुत गहराई में चले गए हैं! यह थोड़ा डरावना है!
ZZZAPP!!!
उई!
ऊफ़!! वह क्या था?
मुझे लगा कि तुम थे!
वह --मैं --था!!!
तुम्हारी छोटी सी चिंगारी ने गबबूम! को जगा दिया है! और अब दुनिया काँपेगी!


तुम्हारी चिंगारियों ने करोड़ों फेंके हुए कम्पयूटर पार्टस को फिर से जीवित कर दिया है। हर एक बीतते क्षण में, मैं और ज़्यादा ज्ञान प्राप्त कर रहा हूँ!
अब वे मेरे शरीर में टनों प्लास्टिक सोख रहे हैं!
दशकों से, लोगों और कंपनियों ने समुद्र को एक कचरे का ढेर मान लिया है। हर दिन, वे बेवक़ूफ़ प्लास्टिक की अनावश्यक सामग्रियों का इस्तेमाल करते हैं जो कि कभी गलती नहीं हैं!
जो भी फेंका जाता है उस में से ज़्यादातर समुद्र में चला जाता है! लेकिन अब मैं जागृत हो गया हूँ, और अब उनका नाश कर दूँगा! मुझे वो क्या कल का फेंका हुआ कचरा समझते हैं? मैं उनके किनारों पर वापस जाकर उनके शहरों को नष्ट कर दूँगा!
प्लास्टिक, नमकीन पानी में नहीं घुलता है! वह जमा हो जाता है! इनको बनाने में अगर लोग इतने होशियार हैं, तो वे उन्हें सुरक्षित तरीके से निपटाने का क्यों नहीं सोचते?
अब ये नासमझ इंसान "आँखों से ओझल और, **मन से बाहर** का सही मतलब समझेंगे!!!" **गर्बबूम से**!!! वे डरना सीखेंगे...


सब लोग जल्दी से पानी के चक्रव्यूह से बाहर निकलो!
सावधान, राक्षस!
एम्बरग्राइस रुको, -- अम् -- मेरा मतलब, अरामिस!
सब लोग मेरे पीछे आ जाओ! मेरे पास इस के लिए सही टोटका है!
अहम! सरगासो समुद्र की जलयुक्त जंगली घास से, मैं तुम्हें छुप रहने की आज्ञा देता हूँ!!!
छुप, छुप रहने ???
ओह... मेरा मतलब था चुप रहने! शांत रहो!!!
दोनों शब्द इतने पास! लेकिन मुझे मोडम और दूध की बोतलों के इस भयंकर ढेर को संभालने दो!
अब तुम्हें जल्द ही यह पता चल जायेगा कि मैं कोई मामूली गड़बड़ी नहीं हूँ, मैं एक संकट! हूँ!
और मैं अब बेताब हूँ। मुझे बहुत शहर नष्ट करने हैं, और मुझे देर हो रही है!
अच्छा, बड़े भाई, अभी मत देखो, लेकिन ...


KER-BLAAAM!
... **तुम बस धक्का खा गये हो**!! और... मैं भी ...
ओह! मैंने शायद उसे बहुत ज़ोर से धक्का दे दिया है! कि मुझे तारे नज़र आने लगे हैं!
हम तो बस यह देखना चाहते थे कि तुम ठीक हो, बॉन्क!
ऊप्स! मेरा निकल गया!
तुम ठीक हो?
तुम बहुत ही झूठे हो!
इससे अच्छा कभी न था!
ठीक है, चलो देखते हैं कि दूसरे का क्या हाल है|


क्या तुम्हें सुनाई दे रहा है? तुम ठीक हो?
यह क्या है? कोई चाल है? मेरे दिमाग़ से बाहर निकलो, अब!
मैं निकल जाऊँगा, मैं वादा करता हूँ, लेकिन पहले शांत हो जाइये| एक मिनट ज़रा सोचो| तुमने जो जानकारी इकट्ठी की है, उसका उपयोग करो। मेरे पास तुम्हारे लिए एक सवाल है। जवाब दो, और मैं तुम्हें अकेला छोड़ दूँगा!
ठीक है, छुटकू पानी के नेवले! मुझे बताओ कि तुम क्या जानना चाहते हो, और फिर मेरे रास्ते से हट जाओ!
क्योंकि तुम्हें सारी दुनिया की जानकारी है , तुम्हें पता होना चाहिए कि उसे तुम्हारी मदद की ज़रूरत है। तो हम अपने महासागरों में प्लास्टिक प्रदूषण के संकट को कैसे समाप्त करते हैं?
क्यों, यह पता करना तो बहुत आसान है! तुम्हें बस इतना करना है कि - अम् - मैं - मुझे पता नहीं!
मनुष्यों को प्लास्टिक बनाते समय यह अहसास भी नहीं हुआ होगा कि यह कितनी बड़ी समस्या बन जायेगी| लेकिन अब कई लोग इसके हल का भाग बनना चाहते हैं, ख़ासकरके बच्चे!!
शहरों को नष्ट करने के बदले, स्कूलों में जाओ और बच्चों को बताओ कि तुम कैसे बने! वे प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करने और एक बड़ा बदलाव लाने के लिए अपने दोस्तों और परिवारों को प्रभावित कर सकते हैं!
हम्म ...बहुत अच्छी ज़ानकारी...
मुझे यक़ीन है कि हमारी मित्र मैलाटी और इसाबेल यह बता पायेंगी कि कैसे उनका प्लास्टिक प्रदूषण रोकने का मिशन कितना ज़ोर पकड़ रहा है!
डरो मत, छोटू! मैं अपने बड़े से सींग से तुम्हें बचा लूँगा|
मगर मुझे मदद नहीं चाहिए...
सात समुन्दर की भीगी-गीली आत्माओं की आज्ञा के बिना **बार नहीं कर सकते**!!!
FIZZLE!
मेरे दोस्त “बार” नहीं “पार”| तूम **पार** नहीं कर सकते!!"
उफ़! दुबारा नहीं! ओह अब मेरा शंख नाकाम हो गया|
ठीक है, ख़तरा अब टल गया है।
सच में???


इसका पता लगाना होगा! यह क्यों गणना क्यों नहीं कर पा रहा है???
हम सभी को खुद से पूछना है: मैं क्या कर सकता हूँ?
प्रक्रिया चल रही है - क्यों मैं डेटा को खपा नहीं सकता - इंतज़ार करो! बस!
अरे, क्या हम उसे रोक नहीं सकते?
नहीं। अब वह इस समस्या का हिस्सा नहीं है...
... और वह समाधान का एक बड़ा हिस्सा हो सकता है।
जितना हो सके मैं बहुत सारे प्लास्टिक खपा सकता हूँ, और फिर लोगों को दिखाऊँगा कि उनको मदद करने की ज़रूरत है!
बाद में, "जो कहीं भी नहीं है" पर...
शाबाश! अब,तुम्हारा अगला मिशन है - हे! कृपया ध्यान दें!
हम सभी मस्ती के लिए एक दिन की छुट्टी मार सकते हैं!
मुझे मालूम है, जो*सी! तुम्हारा अगला मिशन पोसाइडन गश्तीदल, जाओ अब मज़े करो!
और यह एक आदेश है!
और बच्चों याद रखना... अब से कोई ब्लास्टिक-ओह - मेरा मतलब है प्लास्टिक बैग्स नहीं!
समाप्त!

सतत विकास लक्ष्य

14 पानी के नीचे जीवन

लक्ष्य 14: पानी के नीचे जीवन

महासागरों, सागरों और समुद्री संसाधनों की रक्षा करें और उनका टिकाऊ तरीके से उपयोग करें|

लक्ष्य 14 हासिल करने के लिए, देश सहमत हो गए हैं:

- 2025 तक समुद्री प्रदूषण को कम करें, क्योंकि अधिकांश प्रदूषण भूमि पर मानव गतिविधियों से आता है।
- गैरकानूनी मछली पकड़ने, अतिसंवेदनशील, और अन्य विनाशकारी मछली पकड़ने के तरीकों को प्रतिबंधित करने वाले कानूनों को लागू करें।
- भविष्य के बारे में सोचकर, समुद्री संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की रक्षा और बेहतर प्रबंधन के लिए सबसे गरीब देशों और छोटे द्वीपों को वित्तीय सहायता प्रदान करें।
- महासागर अम्लीकरण के प्रभाव को कम करें और संबोधित करें।
- 2030 तक, समुद्री संसाधनों के सतत उपयोग के माध्यम से छोटे द्वीप विकासशील राज्यों और कम से कम विकसित देशों को आर्थिक लाभ बढ़ाएं। इसमें मत्स्य पालन, जलीय कृषि और पर्यटन के सतत प्रबंधन शामिल होंगे।

अधिक जानकारी के लिए, जायें:

comicsunitingnations.org

www.gallifrey.foundation

unicef pci media tell a story, change the world. PUBLIC FOUNDATION IUCN CEC Commission on Education and Communication WORLD'S LARGEST LESSON

[Hindi] हिंदी